दिनांक-10दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोर जमीन मोर मकान घटक अंतर्गत निर्माणाधीन एवं निर्मित आवासों का निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने कुछ दिनों पूर्व ही प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटक अंतर्गत अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली थी जिसमें कार्य की गुणवत्ता , भौतिक एवं वित्तीय प्रगति एवं पूर्ण आवास आदि के संबंध में गहन समीक्षा हुई थी! आज सुबह वार्ड क्रमांक 38 शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त श्री रघुवंशी द्वारा कंचन बंजारे, संत कुमार, सूतुला, आनंदा बाई, लालबाबू मांझी , अनूप लाल , रामप्यारी, एम सोमेश राव , सुहागा बाई एवं सुभाष निषाद आदि के निर्माणाधीन एवं निर्मित आवासों का निरीक्षण किया! उन्होंने कुछ निर्माणाधीन मकानों के नक्शे का अवलोकन किया तथा मकान की गुणवत्ता के विषय में जानकारी प्राप्त की आयुक्त महोदय ने हितग्राहियों को प्रदान किए जाने वाले किस्त की राशि के बारे में भी जानकारी ली , संबंधित अधिकारियों को अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए ! कुछ हितग्राहियों द्वारा भूतल एवं प्रथम तल का भी निर्माण किया जा रहा है जिसमें शौचालय , खिड़की दरवाजे ,सीढ़ी,स्लैब आदि का भी अवलोकन आयुक्त महोदय द्वारा किया गया! उन्होंने वार्ड 38 शिवाजी नगर के अधिकतम आवासों का निरीक्षण मोर जमीन मोर मकान घटक के अंतर्गत किया! आयुक्त महोदय के निर्देश पर अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराने के लिए पूर्व में शिविर का आयोजन भी किया जा चुका है जिसमें हितग्राहियों को आवासों को प्रारंभ करने उनकी वर्तमान परिस्थितियों को समझकर निराकरण करने का कार्य भी किया गया था! मोर जमीन मोर मकान योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए जोन में विकेंद्रीकरण भी किया गया है!

जनसंपर्क अधिकारी!